आज़ादी का अमृत महोत्सव

रेलटेल
RAILTEL

# अपराजिता

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस विशेषांक



8 मार्च, 2022

*नारी सृष्टिकर्ता की सर्वोत्तम कृति होती है*
*वह सृष्टि के सम्पूर्ण सौन्दर्य को आत्मसात किये रहती है*
*- रवीन्द्रनाथ ठाकुर*



## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस
## पर
## सीएमडी, रेलटेल श्री पुनीत चावला का संदेश

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर रेलटेल कॉर्पोरेट कार्यालय एवं क्षेत्रीय कार्यालयों में विभिन्न पदों पर कार्यरत सभी महिला कार्मिकों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड संगठन में कार्यरत कुल 699 कार्मिकों में से 65 महिला कार्मिक हैं। मुझे यह कहने में बिल्कुल भी संकोच नहीं हो रहा है कि रेलटेल संगठन की महिला कार्मिक चाहे वह किसी भी पद पर कार्यरत है, वह अपने सभी दायित्वों का निर्वहन कुशलतापूर्वक कर रही है और मैंने जब–जब संगठन की किसी महिला कार्मिक को कठिन से कठिन कार्यालय या फील्ड की जिम्मेदारी सौंपी है उन्होंने अपनी पूर्ण निष्ठा एवं लगन के साथ उस कार्य को निष्पादित किया है। इसलिए मेरा मानना है कि आज विश्व की महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं है और राष्ट्र निर्माण में भी कई क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा रहीं हैं।

भगवान शिव का एक नाम अर्धनारिश्वर है अर्थात् युगों से यह कहावत रही है कि नारी के बिना पुरुष अधूरा है, यह कहावत आज के युग में चरितार्थ है क्योंकि आज के युग में नारी और पुरुष विकास के दो पहिए हैं यानि कि नारी के सहयोग के बगैर विकास असंभव है चाहे वह परिवार का विकास हो या समाज का या किसी राष्ट्र का। अत: विकास के प्रत्येक क्षेत्र में नारी का सहयोग महत्वपूर्ण है।

मेरी कामना है कि आगे आने वाले समय में महिलाओं का रेलटेल की प्रगति में और अधिक सक्रिय योगदान हो। सभी महिला कार्मिकों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए पुन: शुभकामनाएं।

# रेलटेल में महत्वपूर्ण पदों पर आसीन महिलाएं



**श्रीमती मणी आनंद**
सलाहकार / आई सी टी
कॉर्पोरेट कार्यालय



**श्रीमती अंजना चौधरी**
सलाहकार / सुरक्षा
कॉर्पोरेट कार्यालय



**श्रीमती विजयलक्ष्मी कौशिक**
कार्यपालक निदेशक
उत्तरी क्षेत्र






**श्रीमती हरीतिमा जयपुरियार**
महाप्रबंधक / आई टी पी
कॉर्पोरेट कार्यालय



**श्रीमती मधुलिका पाठक**
महाप्रबंधक / वित्त
कॉर्पोरेट कार्यालय



**श्रीमती रुचिरा चटर्जी**
महाप्रबंधक / प्रशा एवं सुरक्षा
कॉर्पोरेट कार्यालय



**श्रीमती प्रतिभा देवेंद्र यादव**
महाप्रबंधक
चेन्नई टेरिटरी

# रेलटेल की महिला अधिकारियों द्वारा किए गए कार्यों का संक्षिप्त विवरण



श्रीमती विजयलक्ष्मी कौशिक, आईआरएसएसई के 1987 बैच की अधिकारी हैं। इन्होंने 27 अप्रैल, 2021 में कार्यपालक निदेशक/रेलटेल/उत्तरी क्षेत्र के रुप में कार्यभार ग्रहण किया।

इनके पर्यवेक्षण एवं कुशल नेतृत्व में रेलटेल उत्तरी क्षेत्र उच्च राष्ट्रीय महत्व और सामरिक आवश्यकताओं की विभिन्न परियोजनाओं को क्रियान्वित कर रहा है। उनमें से कुछ परियोजनाओं का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार हैं :–

1. उत्तर रेलवे की उधमपुर–श्रीनगर–बारामूला रेल लिंक (USBRL) परियोजना के कटरा–बनिहाल खंड में सुरंग संचार का प्रावधान करना, 2.विभिन्न एयरफोर्स कमांड ऑफिस (सेना भवन, डब्ल्यूएसी, एसडब्ल्यूएसी और सीएसी) के लिए महत्वपूर्ण कनेक्टिविटी, पूरे भारत में एएफनेट नेटवर्क उपस्करों और संबंधित मदों का व्यापक वार्षिक अनुरक्षण (CAMC) का प्रावधान, 3.डीआरडीओ को विभिन्न सेवाओं का प्रावधान जिसमें फाइबर बिछाने/अनुरक्षण, पीओपी निर्माण, विभिन्न क्षमताओं की प्वाइंट टू प्वाइंट लीज्ड लाइन लिंक और आईपी/एमपीएलएस नेटवर्क पर 100से अधिक स्थानों पर एसडीडब्ल्यूएएन (SDWAN) सेटअप शामिल हैं और 4.नेशनल नॉलेज नेटवर्क (NKN), रक्षा लेखा महानियंत्रक (CGDA), सी–डॉट (C-DOT), ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ONGC) और कई अन्य सरकारी विभागों के लिए विभिन्न क्षमताओं के लिंक का प्रावधान।

उत्तरी क्षेत्र में कुशल और प्रतिबद्ध प्रोफेशनल कार्मिकों की एक टीम है जो निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अथक प्रयास करते हैं और हमारे सीएमडी और निदेशकों के मार्गदर्शन में रेलटेल को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए कार्यरत हैं।




17 दिसंबर, 2021 को नई दिल्ली में संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उपसमिति ने रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लि. के उत्तरी क्षेत्रीय कार्यालय के साथ निरीक्षण बैठक की । इस दौरान समिति ने मंत्रालय एवं विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हो रहे राजभाषा हिंदी के कार्यो का अवलोकन किया । निरीक्षण के उपरांत माननीय राजभाषा समिति के उप सभापति श्री भर्तृहरि महताब से उत्तरी क्षेत्र की कार्यपालक निदेशक श्रीमती विजयलक्ष्मी कौशिक अपनी टीम के साथ निरीक्षण समीक्षा पत्र प्राप्त करती हुई।



प्रो. रीता बहुगुणा जोशी
Prof. Rita Bahuguna Joshi
संसद सदस्य (लोक सभा)
Member of Parliament (Lok Sabha)

संयोजक/Convenor
दूसरी उपसमिति
Second Sub Committee
संसदीय राजभाषा समिति
Committee of Parliament on Official Languag

सत्यमेव जयते

आज़ादी का अमृत महोत्सव

अ०श०पत्रांक 11011/1/2021-स०2

दिनांक 21 दिसम्बर, 2021

प्रिय चावला जी,

संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उपसमिति ने **दिनांक 17 दिसम्बर, 2021 को दिल्ली** में विभिन्न केन्द्र सरकार के कार्यालय में संघ के राजकीय प्रयोजनों के लिए हिन्दी के प्रयोग में की गई प्रगति का पुनर्विलोकन किया। इस निरीक्षण बैठक का समन्वय कार्य **क्षेत्रीय कार्यालय, उत्तरी क्षेत्र, रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, दिल्ली** को सौंपा गया था जिसमें इस कार्यालय का सहयोग प्रशसनिय रहा, जिसके लिए आप तथा इस कार्यक्रम में सहयोगी रहे आपके कार्यालय के सभी अधिकारी/कर्मचारी बधाई के पात्र हैं विशेषतौर पर मैं प्रशंसा करना चाहती हूँ **श्रीमती विजयलक्ष्मी कौशिक, कार्यकारी निदेशक एवं श्रीमती रुचिरा चटर्जी, महाप्रबंधक (प्रशासन)** जिन्होंने इस निरीक्षण बैठक के आयोजन में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया एवं निरीक्षण के दौरान समिति के साथ सम्पर्क बनाए रखा।

समिति को विश्वास है कि भविष्य में भी आपका सहयोग यूँ ही मिलता रहेंगा।

(प्रो० रीता बहुगुणा जोशी)

श्री पुनीत चावला
**अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक**
रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
प्लेट-ए, छठी मंजिल, कार्यालय ब्लॉक टावर-2,
पूर्वी किदवई नगर, नई दिल्ली-110023

कार्यालय / Office : 11, तीन मूर्ति मार्ग / Teen Murti Marg, नई दिल्ली / New Delhi – 110011
दूरभाष / Phone : 011-21411167, 011-23035767, फैक्स / Fax : 011-21410280, ई–मेल / E-mail : rajbhashasubcommittee2@gmail.com

संसदीय राजभाषा समिति के निरीक्षण के बाद श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी, संयोजक, संसदीय राजभाषा समिति ने अपने पत्र दिनांक 21 दिसंबर 2021 द्वारा रेलटेल टीम का विशेष रूप से श्रीमती विजयलक्ष्मी कौशिक, कार्यपालक निदेशक और श्रीमती रुचिरा चटर्जी, महाप्रबंधक / प्रशासन एवं सुरक्षा, उत्तरी क्षेत्र की निरीक्षण बैठक के आयोजन में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करने और समिति सचिवालय के साथ आयोजन में संपर्क बनाए रखने के लिए सराहना की।

## बचपन



वो बचपन ही अच्छा था
दिमाग थोड़ा कच्चा था
बस दिल ही हमारा सच्चा था
जब भी चोट लगती थी रोते थे
चुप कराने के लिए सब होते थे
न ही दिल टूटा करता था
न कोई हमसे रूठा करता था
वो बचपन ही अच्छा था
दिमाग थोड़ा कच्चा था
बस दिल ही हमारा सच्चा था
कट्टी अब्बी का वो जमाना था
प्यार के अलावा न कुछ कमाना था
दु:ख का जीवन में, न कोई ठिकाना था
बस मम्मी पापा को अपने पीछे नाचना था
वो बचपन ही अच्छा था
दिमाग थोड़ा कच्चा था
बस दिल ही हमारा सच्चा था
अब वो बचपन के लम्हे गुजर गए
असली इम्तिहान के लिए हम सुधर गए
अब बड़े हो गए, पर मन अभी भी बच्चा था
वो बचपन ही अच्छा था
दिमाग थोड़ा कच्चा था
बस दिल ही हमारा सच्चा था

खुशबू सैनी
निजी सहायक



श्रीमती रुचिरा चटर्जी, आईआरपीएफएस के 2001 बैच की अधिकारी हैं। इन्होंने 15 मई, 2020 में रेलटेल के उत्तरी क्षेत्रीय कार्यालय में महाप्रबंधक / प्रशासन एवं सुरक्षा के रुप में कार्यभार संभाला और अपने कर्तव्यों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया। उत्तरी क्षेत्र में अपने कार्यकाल के दौरान इन्होंने प्रशासन और सुरक्षा के कार्य के साथ–साथ जम्मू एवं कश्मीर राज्य सरकार में ई–ऑफिस और उत्तर रेलवे सेंट्रल अस्पताल में अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली को क्रियान्वित कराया। इन्हें सितंबर, 2021 में उत्तरी क्षेत्र कार्यालय के कार्यों के साथ कॉर्पोरेट कार्यालय में महाप्रबंधक / प्रशासन एवं सुरक्षा तथा मुख्य राजभाषा अधिकारी का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया। इन्होंने अपने रूटीन कार्यों के अलावा निम्नलिखित सरकारी /सामाजिक गतिविधियों का सफल आयोजन कराने में भी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया है :–

1. राजभाषा पखवाड़ा में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन, रेलटेल से प्रकाशित होने वाले तिमाही "रेलटेल गतिविधियाँ" नामक न्यूज़लेटर का प्रकाशन एवं वितरण सुनिश्चित करना, 2. आज़ादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में, रन फार यूनिटी (इसमें मुख्य अतिथि के रुप में भारत केसरी, अर्जुन अवॉर्डी सुश्री दिव्या काकरान को आमंत्रित किया गया था), प्रश्नोत्तरी, निबंध लेखन, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं आदि का आयोजन कराना, 3. स्वच्छता पखवाड़ा और 4. संविधान दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कराना तथा 5. रेलटेल उत्तरी एवं पश्चिमी क्षेत्रीय कार्यालयों के माननीय संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उपसमिति द्वारा दिल्ली में राजभाषा संबंधी निरीक्षण के दौरान समन्वय एवं व्यवस्था का कुशल संचालन करना जिसकी माननीय समिति ने भी प्रशंसा की है तथा दोनों क्षेत्रीय कार्यालयों के निरीक्षण सफल रहें हैं, 6. राष्ट्रीय बालिका दिवस एवं 7. महिला दिवस के अवसर पर कॉर्पोरेट कार्यालय एवं क्षेत्रीय कार्यालयों के लिए आयकर कार्यशाला एवं हेल्थ टॉक (Health Talk) का आयोजन करवाया।



जम्मू में ई–ऑफिस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन।



उत्तर रेलवे के दिल्ली मंडल में कार्यरत रेलटेल एच.एम.आई.एस. टीम




23 जनवरी 2022 को राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर रेलटेल ने वेबेक्स के माध्यम से "आपके संघर्षों / उपलब्धियों पर चर्चा" विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया। संगोष्ठी में रेलटेल (पैन–इंडिया) की महिला कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और अपने अनुभव साझा किए। सुश्री रुचिरा चटर्जी, महाप्रबंधक/प्रशासन एवं सुरक्षा ने इस वर्चुअल संगोष्ठी के आयोजन एवं आयोजन में सराहनीय योगदान दिया। संगोष्ठी में सक्रिय भागीदारी के लिए महिला कर्मचारियों को प्रमाण पत्र दिए गए।



17 फरवरी, 2022 को रेलटेल में सर्वाइकल कैंसर, मेनोपॉज से पहले और बाद की स्थितियों पर एक स्वास्थ्य वार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें डा. आशा शर्मा, सीनियर कंसल्टेंट, आर्टेमिस हॉस्पिटल, गुरूग्राम ने इस विषय पर प्रस्तुति दी और रेलटेल की महिला कर्मचारियों के साथ बातचीत की। सीएमडी रेलटेल श्री पुनीत चावला ने वार्ता में उपस्थित महिला कर्मचारियों को सम्बोधित भी किया। सीएमडी/रेलटेल ने इस तरह के आयोजनों के लिए कॉर्पोरेट कार्यालय की प्रशासन टीम की भी प्रशंसा की।




स्वच्छता पखवाड़ा (16 सितंबर से 2 अक्टूबर, 2021) के दौरान पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में मोनिका शर्मा, फील्ड इंजीनियर / आर ई एल – प्रथम पुरस्कार

## चेन्नई क्षेत्र की उपलब्धियां



श्रीमती प्रतिभा देवेन्द्र यादव, आईआरएसएसई के 2002 बैच की अधिकारी हैं। इन्होंने 08 जून,2020 को रेलटेल के दक्षिणी रीजन में महाप्रबंधक / चेन्नई टेरिटरी में ज्वाइन किया है। इनके पर्यवेक्षण एवं कुशल नेतृत्व में रेलवॉयर ग्राहकों की संख्या बढ़ाकर एक लाख तक पहुंची जिससे रेलटेल के दक्षिणी क्षेत्र की राजस्व आय में प्रति माह 7 करोड़ रुपए की वृद्धि हुई है। चेन्नई टेरिटरी ने दक्षिण रेलवे के 50 विभिन्न अस्पतालों एवं स्वास्थ्य इकाइयों में अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली एवं दक्षिणी टेरिटरी में स्थित विभिन्न कार्यालयों में ई–ऑफिस चरण–।।। के क्रियान्वयन का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया है।

इस वर्ष, तिकोना सर्विसेज और जंप ट्रेडिंग के लिए मुंबई से चेन्नई के लिए 10जी लीज्ड लाइन लिंक क्रियान्वित किया है। आईआईआईटी / त्रिची, आईआईआईटी/ श्री सिटी और क्रिसेंट इंजीनियरिंग कॉलेज सहित ग्राहकों को 1जी कनेक्टिविटी डिलीवर की गई। विभिन्न प्रमुख सरकारी ग्राहकों को कनेक्टिविटी उपलब्ध करायी है।

चेन्नई टेरिटरी में 44 लंबी दूरी के पॉप्स (PoPs) और 2856 मार्ग किलोमीटर लम्बी फाइबर को नियमित रूप से चालू रखा जाता है। फाइबर के अनुरक्षण के लिए 6 घंटे से भी कम समय का एमटीटीआर हासिल किया है। चेन्नई टेरिटरी ने गूगल, टाटा के सहयोग और रेलटेल सीएसआर फंड से क्रमशः 20, 175 और 120 स्टेशनों को वाई–फाईसे सज्जित किया है। चेन्नई क्षेत्र में 14 रेलवे स्टेशनों पर वीएसएस क्रियान्वित की गयी है। वाई–फाई और वीएसएस परियोजनाओं को नियमित रूप से अनुरक्षित किया जाता है।

2021–22 के वित्तीय वर्ष के लिए, चेन्नई टेरिटरी के लिए 120 करोड़ रुपये के राजस्व का लक्ष्य निर्धारित किया गया था और जनवरी, 2022 तक 110 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त कर लिया गया था। और बकाया को भी इसी वित्तीय वर्ष में एकत्र किया जाएगा।




आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के दौरान 30 अक्टूबर, 2021 को रेलटेल कॉर्पोरेट कार्यालय परिसर में "रन फॉर यूनिटी" (Run For Unity) का आयोजन किया गया जिसमें सुश्री दिव्या काकरन, भारत केसरी, अर्जुन अवार्डी और फ्री स्टाइल रेसलर को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। श्रीमती विजयलक्ष्मी कौशिक, कार्यपालक निदेशक, उत्तरी क्षेत्र ने शॉल भेंट कर सुश्री दिव्या काकरान का स्वागत किया। इस अवसर पर सुश्री दिव्या् काकरान ने भी खेल जगत के अपने अनुभवों को रेलटेल कार्यपालकों के साथ साझा किया।



"टैक्स प्लानिंग एंड फाइलिंग इनकम टैक्स रिटर्न" विषय पर रेलटेल की महिला कर्मचारियों को सक्षम और सशक्त बनाने के लिए 10 फरवरी 2022 को एक सत्र का आयोजन किया गया जिसमें 40 से अधिक महिला कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। सत्र को एस.बी.आई. लिक्विड फंड के ए.वी.पी. श्री रविन्द्र जैन ने संबोधित किया। इस अवसर पर रेलटेल के सी.एम.डी. श्री पुनीत चावला एवं निदेशक (वित्त) श्री ए. के. सिंह भी उपस्थित थे।

## कविता



नव सृजन का अस्तित्व है नारी,
सौभाग्य का प्रतीक है नारी !
साहस से भरे हैं उसके कदम,
नवीन सोच का उदगम है नारी !
न भूख न प्यास, न सुधि स्वयं की,
दूसरों के लिए करे हर त्याग नारी !
समाज सुधार हो या अंतरिक्ष खोज,
गृहस्थ हो या हो हिन्द की फौज
हर दिशा में परचम लहराती नारी !
हो समय की मांग जैसे, खुद को वैसे ढालती,
कभी जग जननी, कभी मनमोहिनी,
तो कभी वह दुर्गा बन जाए,
आये जब विपत्ति खुद पर,
तो माँ काली का रूप दिखाए !
कभी दर्पण है तो कभी अक्स है नारी,
स्वाभिमानी है वह, और है सशक्त भी नारी
न समझना आधी अधूरी, खुद मे है पूरी
तप त्याग ममता और स्नेह की मूरत है नारी !

शुभी श्रीवास्तव
उप प्रबंधक,रेलटेल इंटरप्राइजेज लिमिटेड




स्वच्छता पखवाड़ा (16 सितंबर से 2 अक्टूबर, 2021) के दौरान पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रिन्सी श्रीवास्तव, प्रशिक्षु / उत्तरी क्षेत्र – द्वितीय पुरस्कार




24 सितम्बर, 2021 को राजभाषा पखवाडा के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित डा. मुक्ता, लेखिका, समाज सेविका एवं भारत के महामहिम राष्ट्रपति के कर कमलों द्वारा सुब्रामणयम भारती पुरस्कार से सम्मानित, को पौधा भेंट कर स्वागत करते हुए रेलटेल के सीएमडी श्री पुनीत चावला। डा. मुक्ता "किसी देश के लिए राजभाषा के महत्व" विषय पर व्याख्यान दिया।



राजभाषा पखवाड़ा (10 से 24 सितंबर 2021) के दौरान आयोजित समाचार खोज प्रतियोगिता में भाग लेते हुए प्रतियोगी। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में उपस्थित श्रीमती रुचिरा चटर्जी महाप्रबंधक प्रशासन एवं सुरक्षा तथा मुख्य राजभाषा अधिकारी, रेलटेल।



## पापा की याद

ना होकर भी, साथ निभाते हैं पापा, आप बहुत याद आते है पापा
कभी हवा बनकर माथा चूम जाते हैं, तो कभी आखों में आंसु बन जाते हैं
कभी–कभी यादों के झरोखे से समझते हैं, आप बहुत याद जाते है पापा
कभी तस्वीर से देख मुस्कराते हैं, कभी भले बुरे का भेद बताते हैं
कभी डांट तो–कभी पीठ थपथपाते हैं, आप बहुत याद जाते है पापा
अब अंधेरों में हम आँसू छुपाते हैं, रातों को अक्सर सिहर जाते हैं
अब दर्द को अपने दबाते हैं, आप बहुत याद आते हैं पापा
कुछ दिन और ठहर जाते, यूं अचानक छोड़ कर ना जाते
किस के नाम से घर आऊंगी, किस के नाम की शहजादी कहलाउंगी
अपनी गुड़िया को अकेला छोड़ कर ना जाते
अपनी परी को जुदाई सहना तो सीखा जाते
राह आपकी, ताकता है ये दिल दिन भर
दिल नहीं मान रहा है, दिल को यकीन तो दिला जाते
आप बहुत याद आते है पापा
होंठो पर नाम आते ही यादें ताजा हो जाती हैं
यादें ताजा होते ही, आँखे छलक जाती हैं
गुजरे दिनों की तस्वीर नज़र आती है, सब कुछ होते हुए भी
आपकी कमी नजर आती है, आप बहुत याद आते है पापा

सीमा कालरा
पी.पी.एस./सी.एम.डी./सी.ओ.



श्रीमती मधुलिका पाठक के सितंबर, 2013 में रेलटेल ज्वाइन करने के तत्काल बाद ही, इन्हें रेलटेल के ईआरपी कार्यान्वयन का प्रभार सौंपा गया था जिसे इन्होंने 11.12.2013 को सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया और इसे रेलटेल में इस्तेमाल में लाया जाने लगा। इन्होंने ईआरपी सिस्टम में कंपनी की बैलेंस शीट के लिए एकीकृत कार्यक्रम की सुविधा उपलब्ध कराने का कार्य भी किया। ये रेलटेल में कार्यभार संभालने से अब तक कंपनी के ट्रेजरी/निधि प्रबंधन को संभाल रही हैं और इन्होंने डीपीई दिशानिर्देशों के अनुसार निवेश नीति योजना तैयार की जिससे निधियाँ न केवल निष्क्रिय होने से बची बल्कि निवेश से उचित रिटर्न भी प्राप्त हो रहा है। ऐसी योजना तैयार की गयी और बैंकों के साथ एकीकरण को अंतिम रुप देकर मेजबान से मेजबान को भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है।

ये कंपनी के लागत विभाग को संभाल रहीं हैं। इनके उत्कृष्ट कार्यों के परिणामस्वरुप इंस्टिट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ने रेलटेल की वित्तीय स्थिति को कंपनी के सर्वश्रेष्ठ वित्तीय के रूप में सम्मानित किया है। इनका रेलटेल की बड़ी परियोजनाओं की बिडिंग और विभिन्न प्रतिष्ठित संगठनों के साथ समझौता ज्ञापन प्रलेखों की जांच में विशेष योगदान रहा है। इनकी गतिविधियों में लागत को इष्टतम करते हुए सीओ स्तर पर किए गए पूंजीगत व्यय और परियोजनाओं के अनुमानों की जांच, कंपनी की क्रेडिट रेटिंग की व्यवस्था करना और प्रतिवर्ष उसका नवीनीकरण कराना तथा आरडीएन व सीओडी के लिए बिजनेस मॉडल को अंतिम रूप देना आदि शामिल हैं।

इन्होंने कंपनी के लिए विभिन्न प्रकार की नीतियों जैसे निवेश नीति, ईसीएल नीति, बीए नीति और डेटा सेंटर टैरिफ आदि में भी योगदान दिया है।

## बधाईयाँ



दिनांक 10 दिसम्बर 2021 को कॉनकोर द्वारा नराकास के तत्वाधान में वर्चुअल रूप से आयोजित हिन्दी समाचार वाचन प्रतियोगिता में सुश्री रश्मि सिंह वरिष्ठ प्रबंधक/पीएंडए कॉर्पोरेट कार्यालय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।




स्वच्छता पखवाड़ा (16 सितंबर से 2 अक्टूबर, 2021) के दौरान पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में चेताली कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक / रेलवायर, पूर्वी क्षेत्र – तृतीय पुरस्कार

श्रीमती हरीतिमा जयपुरियार, 1998 बैच की आईआरएसएसई अधिकारी हैं। इन्होंने मई, 2019 में रेलटेल, कॉर्पोरेट कार्यालय में महाप्रबंधक (आईटीपी) के पद का कार्यभार संभाला इन्हें ई–ऑफिस के साथ, गुरुग्राम डेटा सेंटर का संचालन, डेटा सेंटर सेवाएँ व अन्य आई टी बिजनेस और मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी (CISO) का कार्यभार सौंपा गया है। इन उत्तरदायित्वों का ये पूरी निष्ठा और लगन निर्वहन कर रहीं हैं।



गत वर्ष, इन्होंने रेलटेल के सभी कार्यालयों के साथ–साथ भारतीय रेलों पर भी ई–ऑफिस परियोजना का क्रियान्वयन कराकर रेलवे अधिकारियों का वर्क फ्रॉम होम की सविधाएँ मुहैया करायी, जिससे कोरोना महामारी के दौरान रेलों पर पेपर रहित, पारदर्शी रुप से कार्य संभव हो पाया है। इनकी टीम आज रेलवे कार्यालयों के अतिरिक्त देश के अन्य सरकारी विभागों, बैंकों आदि में भी ई–ऑफिस सेवाएं दे रही हैं।

वर्तमान में, गुरुग्राम डेटा सेंटर के संचालन व डेटा सेंटर सेवाओं के साथ–साथ निम्न परियोजनाओं का शीघ्र निष्पादन करना इनकी और इनकी टीम की प्राथमिकता है :–

i. रेलवे सूचना प्रणाली केंद्र (CRIS) के लिए फोइस 3– वे डीआर सेट–अप करना
ii. सी–डॉट की ट्रस्टेड टेलीकॉम परियोजना (रेलक्लाउड और रेलसौक)
ii. ई पी एफ ओ (EPFO) ऑपरेशन सेंटर का अपग्रडेशन
iv. रेलवे के लिए सिगनल अनुरक्षण प्रबंधन प्रणाली (SMMS) एप्लीकेशन का डेवलप्मेंट

## किसान



नंगे पाँव मिट्टी में खड़ा होगा वो विवश इंसान कहीं।
बांध गमछे से पेट खड़ा खेत में होगा किसान कहीं।

घर कच्चा और बर्तन मिट्टी के रखे हुए उस कुटिया में,
चाहा होगा कुछ और, दब गए होंगे अरमान कहीं।

दुनिया के पेट की आग बुझाने को खेत सींचे खूब ,
वो आग ठंडी ना हुई, जल गए उनके मकान कहीं।

मिट्टी में पला, मिट्टी से जुड़ा था, मिट्टी का वो लाडला,
बे मौसम जो वर्षा हुई, वो मिट्टी बन गई हैवान कहीं।

उनको ना सराहा विश्व ने कभी जो पालते संसार हैं,
दुनिया के अनाज को ही वो बंदा होगा परेशान कहीं.

पक्का घर नहीं, बिजली नहीं, साधारण जिंदगी जीता,
लुंगी कुर्ता पहनते ही, लुट गया उसका सम्मान कहीं।

नंगे पाँव मिट्टी में खड़ा होगा वो विवश इंसान कहीं।
बांध गमछे से पेट खड़ा खेत में होगा किसान कहीं।

ज्योति
निजी सहायक, महाप्रबंधक (प्र. एवं सु.)

## रेलटेल में सीएसआर के अन्तर्गत महिलाओं के हितार्थ चलाये जा रहे कार्यक्रम :–

रेलटेल अपनी सीएसआर पहलों के माध्यम से भरोसेमंद और स्थायी संबंध बनाने के लिए समुदाय के प्रति अपनी जिम्मेदारी भी निभा रही है। रेलटेल पूरे देश में अपनी सेवाओं की पेशकश करती है जिनमें महिलाओं को स्वस्थ्य के प्रति जागरूक करने तथा उनको आर्थिक रूप से आत्म निर्भर बनाने के सम्बन्ध में चलाये जा रहे निम्न कार्यक्रम भी शामिल हैं :–



**मासिक धर्म स्वास्थ्य प्रबंधन** – मासिक धर्म स्वास्थ्य प्रबंधन पर यह परियोजना उत्तर प्रदेश के 8 आकांक्षी जिलों के 80 सरकारी उच्च प्राथमिक विद्यालयों में चलाई गई है। इस परियोजना का उद्देश्य शिक्षकों और किशोरियों को शिक्षित करके मासिक धर्म स्वच्छता से संबंधित समस्याओं का समाधान करना है और उन्हें वेंडिंग मशीन के माध्यम से नि:शुल्क सैनिटरी पैड उपलब्ध कराकर, इंसीनरेटर के माध्यम से निपटान की सुविधा उपलब्ध कराना है। यह कार्यक्रम पिछड़े जिलों से किशोरियों को समाज में मौजूद सामाजिक वर्जनाओं और धार्मिक विश्वासों के बारे में संवेदनशील बनाने और अनुचित और अस्वास्थ्यकर स्वच्छता प्रथाओं के कारण उत्पन्न होने वाली बीमारियों के बारे में शिक्षित करने में बहुत सफल रही है।



**कौशल विकास केंद्र** – रेलटेल, जहांगीरपुरी , नई दिल्ली में महिलाओं के लिए कौशल विकास केंद्र के माध्यम से महिला और लडकियों को व्यावसायिक कौशल दे रही है। स्थानीय समुदाय की लड़कियों और महिलाओं को कटिंग टेलरिंग, कढ़ाई, ब्राइडल मेक–अप कोर्स, नेल आर्ट, मेहंदी, मैनीक्योर, पेडीक्योर और कंप्यूटर सॉफ्ट स्किल्स जैसे कौशल दिए जा रहे हैं। इन कौशल प्राप्त लड़कियां और महिलाएं शॉपिंग मॉल्स, निजी कार्यालयों में नौकरी कर लेती हैं और कुछ व्यावसायिक स्थलों या अपने स्वयं के घरों पर ही ब्यूटी पार्लर या कपड़े सिलाई / सिलाई केन्द्र शुरु कर लेती हैं जो उन्हें अपनी आजीविका उपार्जन में मदद करते हैं।

## इंसान की खोज

मंदिर देखा मस्जिद देखा, कहीं नहीं भगवान मिले,
नफरत की लाठी लहराते, बड़े बड़े शैतान मिले,
जो जन–जन की सेवा करके, मानवता को बचा रहे,
आओ हम सब मिलकर ढूढें, शायद वह इंसान मिले।



भावना चौहान
निजी सहायक

सशक्त नारी से ही बनेगा सशक्त भारत
कोई भी देश तरक्की के
शिखर पर नही पहुँच सकता जब तक की
उसकी महिलाएं कन्धे से कन्धा मिला कर ना चलें






आज़ादी का अमृत महोत्सव के दौरान गणतन्त्र दिवस 2022 की पूर्व संध्या पर काव्य/गज़ल/देशभक्ति गीत प्रतियोगिता का वर्चुअल रूप से आयेजन जिसमें निर्णायक की भूमिका में उपस्थित श्रीमती रुचिरा चटर्जी महाप्रबंधक/प्रशा एवं सुरक्षा, श्रीमती मधुलिका पाठक महाप्रबंधक/वित्त एवं श्री मनोज टंडन महाप्रबंधक/विपणन। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय कार्यालयों ने भी भाग लिया।



# रेलटेल की महिला शक्ति



कार्पोरेट कार्यालय, ईस्ट किदवई नगर, नई दिल्ली



एनसीआर टेरिटरी, गुरूग्राम




क्षेत्रीय कार्यालय, पश्चिमी क्षेत्र, मुंबई



उत्तरी क्षेत्रीय कार्यालय, शास्त्री पार्क, नई दिल्ली



पूर्वी क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता



दक्षिणी क्षेत्रीय कार्यालय, सिकन्दराबाद

प्रशासन विभाग, रेलटेल द्वारा प्रकाशित।